Title: Need to check the terrorists and naxalites activities in Jharkhand State- Laid.

प्रो. दुखा भगत (लोहरदगा) : महोदय, मैं सदन के माध्यम से झारखंड राज्य में नक्सलवादियों की बढ़ती गतिविधियों की तरफ ध्यान दिलाना चाहता हूं जिसके कारण यहां की जनता सहमी और डरी हुई है और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। झारखंड पहले से एक पिछड़ा राज्य है और इस उग्रवाद के चलते यहां के विकास कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। विश्व बैंक ने यहां के विकास के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। उग्रवाद और नक्सलवाद के चलते यह सारी योजनाएं अधर में हैं। इन सबके कारण एक ओर जनता सुख और शांति के साथ जी नहीं पा रही है और दूसरी ओर सरकार भी अपनी योजनाएं ठीक प्रकार से नहीं चला पा रही है।

अतः सदन में माध्यम से अनुरोध है कि झारखंड सरकार को अतिरिक्त सुरक्षा बल दिए जाएं, झारखंड पुलिस को आधुनिक हथियारों से सुसज्जित किया जाए और उग्र वाद और नक्सलवाद के खिलाफ एक अभियान चलाया जाए जिसमें केन्द्र सरकार और झारखंड के बीच एक समन्वय भी हो।